## खबर संक्षेप

### देश के टॉप 100 मीडियम सिटी की गार्वेज फ्री रैंकिंग में नगरनिगम सतना 12 वें स्थान पर



सतना। स्वच्छ भारत मिशन अर्बन 2 में देश के 100 टॉप मीडियम सिटी की गारवेज फ्री सिटी रैंकिंग में सतना नगर निगम ने 5 स्टार रैंकिंग के साथ 12 वां स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता सर्वेक्षण में 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वाले शहरों की केटेगेरी में सतना नगर निगम द्वारा इस उपलब्धि को हासिल करने पर कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने नगर निगम की पूरी टीम को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष रैंकिंग में सतना नगर निगम को 91 वीं रैंक मिली थी और स्टार रैंकिंग में अपना स्थान नहीं बना पाया था।

### पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण संपन्न



सतना। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) के लिये घोषित कार्यक्रम अनुसार जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत बठियाकला एवं जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत भरहटा में सरपंच पद के निर्वाचन का कार्य 22 जुलाई को ईव्हीएम के माध्यम से संपन्न कराया जायेगा। मतदान के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया।इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा,इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेन्द्र सिंह, केबी त्रिपाठी की उपस्थिति में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ.बीके गुप्ता एवं डॉ.बीएल बागरी द्वारा मतदान दलों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक कल

सतना। रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सतना के कार्यकारिणी समिति की बैठक 19 जुलाई को दोपहर 12 जिला चिकित्सालय सतना के सभागार में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। सिविल सर्जन/सचिव,रोगी कल्याण समिति डॉ.मनोज शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### 21 जुलाई को डाकघरों की सेवायें रहेगी बंद

सतना। डाक विभाग द्वारा अगली पीढी के लिए एपीटी एप्लीकेशन की शुरूआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी पहले के तहत उन्नत प्रणाली को सतना जिले के सभी डाकघरों में 22 जुलाई 2025 से लागू किया जायेगा। अधीक्षक डाकघर प्रदीप कुमार खरे ने बताया कि इस उन्नत डिजिटल प्लेटफार्म के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को बनाए रखने के लिए 21 जुलाई को नियोजित अवकाश (डाउन टाइम) निर्धारित किया गया है। 21 जुलाई को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जायेगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन,सिस्टम सत्यापन और कान्फिग्रेशन प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए आवश्यक है ताकि नई प्रणाली को सुचारू और प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। एपीटी एप्लीकेशन को उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर करने,त्वरित सेवा प्रदान करने और अधिक ग्राहक हितैषी इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। जो स्मार्ट,कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने की विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# 15 घंटे में 5 इंच बारिश, सतना चित्रकूट और रीवा में रेड अलर्ट







## चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का पानी खतरे के निशान पर पहुंचा, जिलेभर में जल जीवन अस्त व्यस्त

जिले में लगातार बारिश हो रही है। चित्रकूट में भी वर्षा का दौर जारी है। सतना से उत्तर पूर्व इलाके में अतिकम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। सिविल लाइन क्षेत्र स्थित मौसम विभाग के सूत्रों के मुताबिक 15 घंटे में लगभग 5 इंच बारिश होने का अनुमान है।

हरिभूमि न्यूज, सतना।

सूत्रों ने यह भी बताया कि बारिश का दौर फिलहाल अभी जारी रहेगा। इस बीच सतना चित्रकूट और रीवा में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्थिति गंभीर है,जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। निचली बस्तियों में पानी भर गया है और कई घरों में पानी घुस जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### परीक्षाएं स्थगित

भारी बारिश को देखते हुए सतना में शैक्षिक गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं। शासकीय स्वशासी महाविद्यालय सतना की सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। प्राचार्य डॉ.एस.सी.राय ने बताया कि 17, 18 और 19 जुलाई को होने वाली परीक्षाएं अब नहीं होंगी।

### रिहायशी इलाकों में भी जलभराव

शहर के रिहायशी इलाकों जैसे राजेंद्रनगर,प्रभात विहार कॉलोनी,उमरी पतेरी,धवारी,प्रेमविहार कॉलोनी, नजीराबाद,नई बस्ती और हनुमान नगर नई बस्ती में भी बारिश का पानी जमा होने से लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। कई घरों में पानी घुस जाने से लोगों को अपना सामान सुरक्षित रखने में मशक्कत करनी पड़ रही है। सतना और चित्रकूट में वर्तमान स्थिति काफी गंभीर है,और प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### जर्जर सड़क पर चलना मुश्किल

रुक-रुक कर हो रही बारिश से एक और जहां नदी नाले उफान पर हैं वहीं दूसरी ओर रिहायशी इलाकों में भी पानी भर जाने के कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा तो लोग जर्जर हो चुकी सड़कों से परेशान हैं सड़क इतनी खतरनाक है कि बड़े-बड़े गड्ढे हैं और उस पर पानी भरा हुआ है। स्थिति यह है कि लोगों का अब पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है।

### प्रमुख इलाकों में जलभराव और संपर्क बाधित

शहर के कई मुख्य इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सर्किट हाउस चौक,प्रेम नगर अंडरब्रिज और पन्ना नाका में सड़कों पर पानी जमा हो गया है।डालीबाबा से टिकुरिया टोला को जोड़ने वाले रपटे पर भी पानी का तेज बहाव है,जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। भरहुत नगर नाला ओवरफ्लो होने से स्थिति और बिगड़ गई है। नगर निगम का अमला सड़कों पर बने गड्ढों के पास डिवाइडर लगाकर लोगों को सतर्क कर रहा है। जिले की प्रमुख नदियां और नाले उफान पर हैं,जिसके कारण कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।

### चित्रकूट में मंदाकिनी का बढ़ता जलस्तर

चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।कुछ दिन पहले हुई 24 घंटे की भारी बारिश ने भी यहां बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए थे,जिससे सड़कों पर नावें चलाने की नौबत आ गई थी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम को अलर्ट पर रखा है।

### प्रशासन का अलर्ट और राहत कार्य

जिला प्रशासन ने पूरे जिले में अलर्ट जारी कर दिया है। संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी चल रही है,जिसके लिए प्रमोद वन में एक राहत केंद्र भी बनाया गया है। लोगों से अपील की गई है कि वे नदियों और नालों के पास न जाएं। राहत एवं बचाव दलों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।





### सतना जिले में अब तक 459.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में इस वर्ष 1 जून से 17 जुलाई तक 459.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 570.3 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 339.2 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 534.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 339.2 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 425.2 मि.मी.,नागौद में 588.7 मि.मी.,जसो (नागौद) में 192.3 मि.मी. एवं उचेहरा में 688.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 173 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

### मैहर जिले में अब तक 515.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 17 जुलाई 2025 तक 515.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 485 मि.मी.,मैहर में 485.3 मि.मी. एवं रामनगर में 575.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि में 274.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### जीवित नवजात को मृत बताने के मामले में सीएमएचओ ने गायनोलॉजिस्ट और सीएस से मांगी जानकारी

सतना। सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में जीवित नवजात को डॉक्टर द्वारा मृत बताए जाने के मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर के एल तिवारी ने गुरुवारको जिला अस्पताल की गायनोलॉजिस्ट और सिविल सर्जन को पत्र लिखा है। सीएमएचओ ने पत्र में गायनोलॉजिस्ट से घटनाक्रम पर प्रतिवेदन मांगा है साथ ही सिविल सर्जन से पूरे मामले के दस्तावेजों की सत्यापित प्रति भी उपलब्ध कराने की बात कही है। हरिभूमि से बात करते हुए डॉक्टर तिवारी ने कहा कि इसके पहले मेडिकल कॉलेज के डीन को भी पत्र लिखा जा चुका है। सारे दस्तावेज उपलब्ध होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## प्रिज्म सीमेंट लाइमस्टोन माइन्स को 36वें मेटालिफेरस माइन्स सेफ्टी वीक में समग्र सुरक्षा प्रदर्शन का पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज, सतना।

महानिदेशालय खान सुरक्षा (डीजीएमएस),जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित 36वें मेटालिफेरस माइन्स सेफ्टी वीक का समापन समारोह 11 जुलाई को जबलपुर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह निरीक्षण नवबंर-दिसंबर में किया गया था। सप्ताह भर चले इस सुरक्षा अभियान में क्षेत्र की लौह अयस्क,चूना पत्थर,बॉक्साइट और मैंगनीज अयस्क की खदानों ने सक्रिय भागीदारी की।खदानों को उनके उत्पादन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में बाँटा गया था और उनके सुरक्षा मानकों ,प्रबंधन प्रणालियों एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का निरीक्षण वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की टीम द्वारा किया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने उपरोक्त जानकारी देते हुये बताया कि प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से बगहाई लाइमस्टोन माइन्स और प्रिज्म सीमेंट बदरखा लाइमस्टोन माइन्स ने भाग लिया। निरीक्षण के दौरान इन खानों की सुरक्षा व्यवस्था ,प्रशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा, बचाव उपकरणों की उपलब्धता, यातायात प्रबंधन, वैज्ञानिक उत्खनन विधि,कार्यस्थल पर सतर्कता एवं मजदूर सहभागिता आदि का मूल्यांकन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नीरज कुमार (डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ माइन्स सेफ्टी, गाजियाबाद) रहे। विशेष अतिथिगण में मनीष सी जायसवाल(डायरेक्टर ऑफ माइन्स सेफ्टी,जबलपुर रीजन),और शैक गुलाब (डिप्टी डायरेक्टर ऑफ माइन्स सेफ्टी, जबलपुर रीजन) शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन नीरज कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की सभी खदान की उच्च सुरक्षा व्यवस्था की तारीफ की गई और भविष्य में इसे और ऊँचाइयों पर ले जाने की कामना की।

### बाढ आपदा की स्थिति की आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम संचालित

सतना। मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश के अनुसार अतिवर्षा एवं बाढ की स्थिति में निपटने की पूर्व तैयारियों संबंधी जिला स्तरीय विभागों की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार बाढ-आपदा स्थिति में आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कन्ट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है।सतना में 10 जून 2025 से 24 घण्टे कार्यशील कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल कक्ष क्रमांक एफ-19 में जिला स्तरीय कन्ट्रोम रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07672-223211 है। कन्ट्रोल रूम हेतु अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। कन्ट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी राहत शाखा एवं डिप्टी कलेक्टर राहुल सिलाडिया मो. 7987425459 को बनाया गया है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम के लिए अधीक्षक भू-अभिलेख-भू-प्रबंधन मुन्नालाल तिवारी कन्ट्रोल रूम के सहायक अधिकारी होंगे। इसी प्रकार कन्ट्रोल रूम में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए सहायक ग्रेड-3 कैलाशनाथ वर्मा,भृत्य चंद्रभान गुप्ता,स्थाई कर्मी परमेन्द्र त्रिपाठी,दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये सहायक ग्रेड-3 राहुल


**कार्यालय नगरपालिक निगम सिंगरौली जिला - सिंगरौली (म.प्र.)**

क्रमांक/3000/राजस्व/2025 सिंगरौली, दिनांक-17.07.2025

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रदीप चौहान पिता स्व. रामचन्द्र चौहान निवासी पोस्ट ऑफिस के पीछे ग्राम डैनिहा पोस्ट पडैनिया, पडैनिया खुर्द सीधी (म.प्र.) द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नगरपालिक निगम सिंगरौली के गनियारी आवासीय योजना क्रमांक वार्ड क्रमांक 41 तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. में स्थित भूखण्ड क्रमांक 151 साईज 30x40 फिट कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट का आवंटन श्री रामचन्द्र चौहान पिता स्व. दुखन्ती चौहान निवासी अदरी जनपद मउ उ.प्र. के नाम से 30 वर्षीय लीज पर किया गया है। लीज ग्रहिता की दिनांक 19.05.2025 में मृत्यु हो चुकी है। प्रस्तुत अभिलेखों में मृतक लीज ग्रहिता के निम्नलिखित वारिसगण बताए गए है :-

01. श्रीमती लक्ष्मी चौहान पति स्व. रामचन्द्र चौहान (पत्नी) निवासी पोस्ट ऑफिस के पीछे ग्राम डैनिहा पोस्ट पडैनिया, पडैनिया खुर्द सीधी (म.प्र.)
02. श्री अशोक सिंह पिता स्व. रामचन्द्र चौहान (पुत्र) निवासी 198 / 1 बीएसीके ऑफ एसबीआई बस्ती, गनियारी, सिंगरौली बैढ़न म.प्र. ।
03. श्री मनोज सिंह पिता स्व. रामचन्द्र चौहान (पुत्र) निवासी अदरी जनपद मउ (उ.प्र.)
04. श्री सरोज सिंह पिता स्व. रामचन्द्र चौहान (पुत्र) निवासी पोस्ट ऑफिस के पीछे ग्राम डैनिहा पोस्ट पडैनिया, पडैनिया खुर्द सीधी (म.प्र.)
05. श्री प्रदीप सिंह पिता स्व. रामचन्द्र चौहान (पुत्र) निवासी पोस्ट ऑफिस के पीछे ग्राम डैनिहा पोस्ट पडैनिया, पडैनिया खुर्द सीधी (म.प्र.) 06. श्री अविनाश सिंह पिता स्व. रामचन्द्र चौहान (पुत्र) निवासी पोस्ट ऑफिस के पीछ ग्राम डैनिहा पोस्ट पडैनिया, पडैनिया खुर्द सीधी (म.प्र.)

उपरोक्तानुसार भूखण्ड क्रमांक 151 का वारिस नामान्तरण सभी वारिशगणों के नाम से किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किए है। उपर्युक्त भूखण्ड का वारिस नामान्तरण सभी वारिशगणों के नाम से किए जाने से यदि किसी व्यक्ति या संस्था का वैधानिक हक प्रभावित हो रहा हो तो इस विज्ञापन के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में साक्ष्य सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियाँ विधि मान्य नही होगी ।

**राजस्व अधिकारी**
**नगरपालिक निगम सिंगरौली**


### राजीव गांधी फार्मेसी संस्थान के छात्रों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 में हासिल की शानदार सफलता

सतना। एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के अंतर्गत संचालित राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के तीन मेधावी विद्यार्थियों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 में सफलता प्राप्त कर संस्थान और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रवीण कुमार पटेल,शिवम गौतम और अंशिका सिंह ने सफलता अर्जित कर अपनी मेहनत,समर्पण और शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। इस उपलब्धि पर संस्थान के फार्मेसी विभाग के निदेशक डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा,यह सफलता छात्रों की निरंतर मेहनत और हमारे संस्थान के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी फार्मेसी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। डॉ.गुप्ता ने बताया कि ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है,जो मास्टर्स इन फार्मेसी में प्रवेश के लिए अनिवार्य है। साथ ही,इस परीक्षा के माध्यम से योग्य विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इसका आयोजन वर्ष 2019 से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। यह स्कोर देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थानों में प्रवेश के लिए भी मान्य होता है। डॉ.गुप्ता ने आशा व्यक्त की कि ये छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और समाज की सेवा में योगदान देंगे। एकेएस विश्वविद्यालय परिवार ने तीनों विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में काउंसिलिंग 8 राज्यों के छात्रों ने दिखाई रुचि




सतना।

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए (बीएबीएड,बीएससीबीएड,बीकॉमबीएड-प्रत्येक में 50 सीटें) पाठ्यक्रमों की तीन-दिवसीय प्रवेश काउंसिलिंग के संपन्न हुई। कुल 150 सीटों के लिए आयोजित इस काउंसिलिंग में दिल्ली,उत्तर प्रदेश, बिहार,झारखंड,छत्तीसगढ़,ओडिशा,आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित आठ राज्यों के सैकड़ों अभ्यर्थी अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए। काउंसिलिंग के दौरान,कुलपति प्रो.भरत मिश्रा ने स्वयं उपस्थित होकर अभ्यर्थियों और अभिभावकों का उत्साह बढ़ाया। अभिभावकों और छात्रों ने विश्व विद्यालय के शैक्षिक नवाचारों,शिक्षण विधियों और सुरम्य परिसर की सराहना की। प्रवेश समिति ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और आवश्यक प्रवेश प्रक्रियाओं को पूरा किया।नवीनतम जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखने की सलाह दी गई है।

## खबर संक्षेप

### 18 जुलाई से अतिथि शिक्षकों को ई-अटेंडेंस के बाद ही मिलेगा मानदेय

**पन्ना।** लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों को शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि यह व्यवस्था 18 जुलाई से अनिवार्य रूप से लागू होगी। जिन अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज नहीं होगी, उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षक आवेदकों की रिक्त पद होने पर री-ज्वॉइनिंग के संबंध में भी लोक शिक्षण संचालनालय ने समय सारणी जारी की है। 18 जुलाई को रिक्त पदों की पुनरू समीक्षा की जाएगी।

### अमानगंज नगर परिषद उपाध्यक्ष सौरभ दुबे ने सीएमओ को लिखा पत्र, नगर में सड़क मरम्मत कार्य की मांग की

अमानगंज

नगर परिषद अमानगंज के उपाध्यक्ष सौरव दुबे ने बुधवार की दोपहर 3:00 बजे मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमानगंज को एक पत्र लिखा है पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया गया कि नगर में कई जगह पर कच्चा मार्ग है जिससे बरसात में कीचड़ की वजह से नगरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः मुख्य नगर पालिका अधिकारी समय रहते लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्ग एवं कच्ची मिट्टी पर चचरा डलवाकर लोगों की समस्या का समाधान करें। उपाध्यक्ष सौरभ दुबे ने कहा कि बीते दिनों मामले से अवगत कराया गया था और मौखिक रूप से समस्या का समाधान करने की बात कही गई थी। मगर आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई जिससे लोग परेशान है।



## सड़क टूटने से हाई स्कूल करही पहुंचना बना खतरे से भरा सफर

# जान जोखिम में डालकर विद्यालय जाने को मजबूर विद्यार्थी

पवई

एक ओर जहां बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया जैसे नारों से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात होती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नज़र आती है। पन्ना जिले की पवई जनपद से मात्र चार किलोमीटर दूर ग्राम करही का शासकीय हाई स्कूल इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां सैकड़ों छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर रोज स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं।

विद्यालय भवन के एक और तेज बहाव वाली मुख्य नहर बह रही है, तो दूसरी ओर पानी से लबालब भरा तालाब है। इन दोनों जल स्रोतों के बीच की कच्ची सड़क अत्यधिक वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त हो चुकी है। नतीजतन, नहर का पानी तालाब में मिलते हुए उसी रास्ते से बह रहा है जिससे विद्यार्थियों को रोज़ स्कूल जाना होता है। पानी का बहाव इतना तेज़ है कि जरा सी चूक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। शिक्षक बने संरक्षक इस संकट में विद्यालय के शिक्षक खुद बच्चों को हाथ पकड़कर नाले के उस पार ले जाते हैं। कीचड़, फिसलन और चारों ओर फैले पानी के कारण विद्यालय परिसर तक पहुंचना ही एक संघर्ष बन गया है। बच्चों के कपड़े गंदे हो जाते हैं, और पानी में विषैले जीव जंतुओं का खतरा हमेशा बना रहता है।

### बच्चों में शिक्षा का जुनून, लेकिन डर भी-

बच्चों का कहना है कि उन्हें विद्यालय आने में डर लगता है। कई बार अभिभावक उन्हें मना भी करते हैं, लेकिन पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए वे खतरा उठाकर स्कूल पहुंचते हैं। बच्चों ने यह भी कहा कि उन्हें शिक्षकों से भरपूर सहयोग और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिलती है। प्रशासन तक पहुंची आवाज़, किन्तु अभी भी समाधान अधर में। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर पवई के अनुविभागीय अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी को आवेदन देकर सूचित किया है, पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। ग्राम सरपंच का कहना है कि शासन द्वारा कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलने के कारण मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका। बताया गया कि बीते वर्ष नहर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, तब अस्थायी रूप से बोरी का बांध बनाकर समस्या का हल निकाला गया था। लेकिन इस वर्ष लगातार बारिश और तेज बहाव के कारण वह बांध भी टूट गया, जिससे कमर तक पानी भर गया है और बच्चों व शिक्षकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### अंत में सवाल यही - ऐसे में कैसे पढ़ेगा इंडिया?

जब शिक्षा के मंदिर तक पहुंचना ही बच्चों के लिए खतरे से खाली नहीं है, तब यह सोचने का विषय है कि श्कैसे पढ़ेगा इंडिया और कैसे बढ़ेगा इंडियाश ? अब यह देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या का समाधान निकालता है।

## सांप के डसने पर घबराएं नहीं, तुरंत उपचार लें, झाड़-फूंक से बचें

**जागरूकता ही जीवन रक्षा है-डॉक्टर अभिषेक जैन'**

**'बरसात में सर्पदंश से सावधानी'**



देवेंद्रनगर। जैसे ही वर्षा ऋतु प्रारंभ होती है, सर्पदंश की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो जाती है। बरसात के मौसम में सांप अपने बिलों से निकलकर रिहायशी इलाकों की ओर आ जाते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खतरा बढ़ जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिक, सामुदायिक एवं जिला चिकित्सालयों में एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन सहित उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नागरिकों को चाहिए कि वे कुछ आसान सावधानियाँ अपनाकर इस खतरे से स्वयं की और अपनों की रक्षा करें। खेतों, झाड़ियों, लकड़ी या पुआल के ढेर में काम करने से पहले लाठी से हल्का प्रहार अवश्य करें। अंधेरे में टॉर्च का प्रयोग करें और घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाड़ियाँ काटें तथा दीवारों की दरारें बंद करें। खुले स्थानों में विशेषकर रात को सोने से बचें, क्योंकि यही समय सर्पों की सक्रियता का होता है। यदि सर्पदंश की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और बिना समय गंवाए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं। घाव को काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक हो सकता है। झाड़-फूंक या टोने-टोटके में समय न गंवाएं, क्योंकि देरी जानलेवा सिद्ध हो सकती है। यदि संभव हो तो सांप के रंग, आकार या कोई अन्य पहचान याद रखने का प्रयास करें, पर उसे पकड़ने या मारने का प्रयास न करें। डॉ. जैन ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं सतर्क रहें, समय पर चिकित्सा लें और सर्पदंश से संबंधित जानकारी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें। शासन एवं प्रशासन की व्यवस्थाएं तभी प्रभावी होंगी जब समाज का हर व्यक्ति जागरूकता और सजगता को जीवन का हिस्सा बनाएगा। बरसात के मौसम में सर्पदंश के साथ-साथ मलेरिया, डेंगू, दस्त और वायरल बुखार जैसी बीमारियाँ भी आम हो जाती हैं। इनके बचाव के लिए घर के आसपास पानी जमा न होने दें, मच्छरदानी का उपयोग करें, साफ-सुथरा व उबला हुआ पानी पीएं तथा हाथों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

## कलेक्टर पन्ना का एतिहासिक कार्य वर्तमान समय में गौमाता के सुरक्षित स्थान गौशालाओं में भेजने का निर्णय वहीं भोजन व्यवस्था को लेकर सराहनीय पहल

**कलेक्टर के निर्देश का हो रहा है पालन**

**निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय स्थल भेजने की गई कार्रवाई**

पहली बार समूचे बुन्देलखण्ड की बड़ी समस्या जो ऐरा प्रथा के रूप में जहां मवेशियों को खुला छोड़ दिया जाता है जिसमें वर्तमान समय में गायों के हालात सबसे ज्यादा नजर आते है। पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार की सराहनीय पहल जनचर्चा में है। जिन्होंने समूचे जिले में गायों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर एतिहासिक निर्णय कार्य रूप में परिणित करने को लेकर किया। जिसके तहत गौशालाओं में गायों को पहुंचाया जा रहा है। वहीं अब गांव-गांव में परेशान किसान भी अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर जाने जायेगें। साथ ही गायों के भोजन व रहवास की व्यवस्था गौशालाओं में मिलने से जहां गायों के लिए भी यह पुण्य के रूप पुनीत कार्य पन्ना जिले में जाना जायेगा। यह कार्यवाही अब गांव-गांव में गायों की सुरक्षा को लेकर चर्चा में है। साथ ही प्राचीन समय का युग याद आने लगा पहले तो पंचायतों में कानीहाउस होते थे अब गौशालाओं के रूप में विकास की दिशा सेवा के साथ जानी जा रही है। पर प्रभावी रूप से कार्यवाही पन्ना जिले में कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच के चलते चर्चा में है।

पन्ना।

*कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार द्वारा सड़कों पर सुरक्षित आवागमन और निराश्रित पशु एवं गौवंश को सुरक्षित आश्रय स्थल में विस्थापित करने के उद्देश्य से गत दिवस जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश धारा 163 लागू की गई है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव सहित स्थानीय निकाय के अधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था।*

*जिला कलेक्टर के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा वांछित कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को कर्मचारियों की टीम द्वारा गौशाला भिजवाया गया। मंगलवार की रात्रि को नगर पालिका परिषद पन्ना की टीम ने भी निराश्रित गौवंश को शहर की सड़कों से हटाने की कार्यवाही की। साथ ही अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फरस्वाहा द्वारा 92 गौवंश को राधा गौशाला कड़रहा भेजा गया। इसके पूर्व भी ग्राम पंचायत देवगांव, प्रतापपुर सहित गुनौर, पवई, शाहनगर और रैपुरा क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं में निराश्रित गौवंश को शिफ्ट किया गया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी गौशाला की आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशालाओं में पंजी संधारित कर आवश्यक जानकारियों का संधारण भी किया जा रहा है। गौवंश की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टैगिंग कार्य भी करवाया जा रहा है। गौवंश को रेडियम पट्टे भी लगाए गए हैं। जिला प्रशासन की इस कार्यवाही से स्थानीय नागरिक भी खुश हैं। इससे मुख्य मार्गों सहित अन्य सड़कों पर भी वाहन चालाकों को आवागमन में सुविधा मिल रही है। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के साथ निराश्रित पशु व गौवंश की सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है। यह कार्यवाही आगामी दिवसों में भी निरंतर जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर द्वारा पशुपालकों को पालतू पशु रखने की व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पालतू गौवंश सड़क पर मिलने की स्थिति में*






*निकट की गौशालाओं में भेजा जाएगा। गौशाला में विस्थापन की पर पशुपालक से अर्थदण्ड वसूलकर गौवंश वापस करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद भी घटना की पुनरावृत्ति होने पर पशुपालकों के विरूद्ध भी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। स्थानीय थाना प्रभारी भी इन घटनाओं का स्वतः संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही कर सकेंगे।*

## अजयगढ में एसबीआई कियोस्क ग्राहक सेवा केन्द्र में चोरों नें बोला धावा, सीसीटीवी कैमरै में कैद हुई वारदात

**लगभग 15 से 20 हजार रुपये नगदी चोरी, चोरों की पहचान व तलाश में जुटी पुलिस**

अजयगढ़।

जिले के अजयगढ़ कस्बे में एसबीआई किओस्क ग्राहक सेवा केंद्र में रात लगभग 2.30 बजे 2 अज्ञात चोरों ने धाबा बोलकर लगभग 15 से 20 हजार रुपये नगदी पार कर दी है। कस्बे के बीचों-बीच हुई इस वारदात से नगर में सनसनी फैल गई है।





*घटना के संबंध में बताया गया है कि अजयगढ़ बस स्टैंड के पीछे एसबीआई किओस्क सेंटर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक आलोक श्रीवास्तव रोज की भांति बीती 16 जुलाई 2025 की शाम किओस्क सेंटर बंद कर घर चले गए थे, दूसरे दिन 17 जुलाई को सुबह 7 बजे के आसपास लोगों के द्वारा सूचना दी गई की किओस्क सेंटर का ताला टूटा हुआ है, मौके पर पहुंचे तो पता चला कि चोरों ने धावा बोला है। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिससे पुलिस के द्वारा चोरों की पहचान और तलाश शुरू कर दी गई है। अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ने चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने का भरोसा दिया है।*

## मन्नी खिर्वा मोड से लेकर बमुरहा ग्राम तक गड्ढे में तब्दील हुई सड़क विद्यालय पढ़ने जा रही छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी, दुर्घटनाओं की आशंका

**समाजसेवी तिलक राज पटेल ने कहा अगर सड़क नहीं होती कंप्लीट तो करेंगे धरना प्रदर्शन**

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाले बमुरहा ग्राम के मंन्नि खिरवा मोड़ से लेकर बमुरहा ग्राम तक मुख्यमंत्री सड़क योजना से बनाई गई सड़क पूरी तरह से ध्वस्त और खस्ता हालत में देखे जा रही है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हालत यह है कि बच्चे पढ़ाई के लिए जाते समय इस रास्ते से जाते हैं जो कीचड़ में सन जाते हैं तो चार पहिया वाहन कई बार घंटे फंसी रहती है



मगर इस पर शासन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है यह कहा जा रहा है कि यह सड़क सड़क नहीं जबकि गड्ढों में सड़क तब्दील हो गई है ग्राम के निवासी तिलक राज पटेल बमुरहा द्वारा मीडिया से चर्चा के दौरान शासन प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन प्रशासन सड़क को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है और अमेरिका जैसी खर्राटेदार सड़क होने की दावे किए जाते हैं मगर जमीनी हकीकत बिल्कुल जुदा है जहां आज भी लोग ऐसा जीवन जी रहे और सड़क न होने से परेशानी का सामना कर रहे।

## कई गांवों के आवागमन मार्ग जल बढ़ाव के चलते अवरूद्ध, वहीं कई गांवों मजरों में पानी पहुंचने से आवादी के घरों में खतरे के हालात

पन्ना।

जिले में विगत दिवस रात्रि से लगातार बारिश के चलते समाचार लिखे जाने तक जहां रूक-रूक बारिश का दौर जारी है। वहीं समूचे जिले में बारिश के कारण जहां जल प्रवाह बढ़ने के कारण कई गांवों का आवागमन अवरूद्ध हो गया है। उदाहरण को लेकर पन्ना जिले के पहाड़ीखेरा मार्ग से बड़गड़ी पंचायत के ग्राम दमचुआ पहुंच मार्ग में रपटे के ऊपर से पानी कई फुट ऊपर से बह रहा है। वहीं गांव में पानी पहुंचने से कच्चे घरों के गिरने की संभावना बताई जा रही है। साथ ही ग्रामीणों का आवागमन खतरे के हालात को लेकर चर्चा में है। इसी तरह अजयगढ़ तहसील अंतर्गत जहां सिंहपुर-हरदी मार्ग जहां हरदी के पास नदी का पानी पुल के ऊपर से जा रहा है। वहीं शहपुरा मार्ग भी जो हरदी धरमपुर क्षेत्र को जोड़ता है इस मार्ग में भी जल का बहाव बढ़ चुका है। जिसके चलते समूचे धरमपुर हरदी क्षेत्र के आवागमन को लेकर तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाली






सड़क का मार्ग हुआ अवरूद्ध इतना ही नहीं जो शिक्षक स्कूल पढ़ने के लिए गये अब वापिस घर आने के लिए मजबूर होकर विद्यालय में ही रूकने के लिए चर्चा में है। समाचार लिखे जाने तक इस तरह से समूचे जिले में बारिश के चलते पानी ही पानी की खबर कहीं गांवों का आवागमन तो कहीं मार्ग की पुलिया टूटी इस तरह से जहां बारिश के चलते अब आवागमन को लेकर कई गांवों के हालात समस्या के रूप में सामने आ रहे है। इस संबंध में एसडीएम पन्ना से हालात को लेकर चर्चा की गई तो आपने बताया कि हमारे पटवारी फील्ड पर है वहीं कोटवारों को भी निर्देश है साथ ही पंचायत सचिव व जीआरएस सभी के लिए पूर्व में ही बताया जा चुका है कहीं कोई स्थिति खतरे के हालात को लेकर समाने आती है तो तत्काल व्यवस्था की पहल की जाये वहीं हम लोगों के नम्बर भी 24 घंटे खुले रहते है संकट से निजात पाने को लेकर प्रशासन आमजनता के लिए सदैव सजग है।

## तेज बारिश की वजह से कमताना में भी कच्चा मकान गिरा

**एक गरीब विप्र परिवार आया मैदान में**

**अमानगंज।** पन्ना जिले में चारो ओर तेज बारिश का दौर देखा जा रहा है जिले की अमानगंज तहसील क्षेत्र में हो रही लगातार तेज बारिश के चलते कई गरीब परिवारों के मकान गिर जाने की खबरें आ रही है आज फिर ग्राम कमताना में एक गरीब विप्र परिवार का मकान इस बारिश में गिर जाने से उसका परिवार अब मैदान में आ चुका है और परिवार के रहने की स्थिति कहीं भी नही है हमारे मैदानी संवाददाता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव का ही राम जी चनपुरिया पिता रामप्रसाद चनपुरिया उम्र 34 वर्ष का एक कच्चा मकान आज तेज बारिश की वजह से धराशायी हो गया, जिससे सारा का





सारा परिवार मैदान में आ चुका है प्रकृति प्रकोप के चलते हनुमानगढ़ तहसील में ऐसी लगातार घटनाएं घट रही है परिवार की हालत खराब है उसने तत्काल ही गांव के ही एक सहयोगी तिरपाल मांगा और पानी से बचने का इंतजाम किया हालांकि इस घटना में परिवार का कोई भी सदस्य घायल नहीं हुआ है। पीड़ति परिवार ने बताया कि बारिश के कारण मकान की दीवारें पहले से ही कमजोर हो चुकी थीं और आज तेज बारिश में पूरा मकान एक तरफ जमींदोज हो गया। परिवार के पास फिलहाल रहने का कोई व्यवस्थित ठिकाना नहीं है और वह अस्थायी रूप से त्रिपाल तान कर रह रहे है जो किसी भी प्राकृतिक प्रकोप के शिकार हो सकते हैं जैसे कि अभी रामपुर में एक घटना इसी तरह घटी थी अब जिला प्रशासन के मुखिया जिला कलेक्टर पन्ना को चाहिए कि ऐसे गंभीर मामलों में तत्काल ध्यान देते हुए दुखद परिवारों को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए ताकि उनके रहने का इंतजाम हो सके और परिवारजन प्राकृतिक प्रकोप के संकटों से सुरक्षित रहें।

## श्रम विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे मजदूर, प्रतिष्ठानों पर काम करने वाले मजदूर बने बंधुआ मजदूर

**महीने में नहीं एक भी छुट्टी, घर के काम सहित शासकीय काम करवाने के लिए परेशान मजदूर**

**नाबालिक बच्चे दुकानों पर काम कर कर रहे भरण पोषण**

**कलेक्टर पन्ना भिक्षावृत्ति बंद करने का आदेश जारी कर निभा रहे अपनी जिम्मेदारी**

**अमानगंज-** क्षेत्र में अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत चरितार्थ हो रही है, ना यहां के जिम्मेदार नेता अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, तो वहीं प्रशासन भी अपनी नाकामी दिखा रहा है जिसका खामियाजा बेवस और लाचार दो वक्त की रोटी कमाने वाले मजदूरों को और नाबालको पर पड़ रहा है। श्रम विभाग के अधिकारी एसी रूम में बैठकर आराम फरमा रहे है। धृतराष्ट्र की तरह नाकाम बने लेबर इंस्पेक्टर की लापरवाही की वजह से नाबालिक बच्चे मजदूरी का बोझ अपने कंधों पर उठाकर कार्य कर रहे हैं हम बात कर रहे हैं अमानगंज नगर की जहां अमानगंज नगर की कई दुकानों पर नाबालिक बच्चे काम करते हैं तो वही अमानगंज में सप्ताह में एक दिन बुधवार को बाजार बंद रहने का आदेश है मगर धरातल पर किसी भी प्रकार का व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद नहीं रहता जिससे व्यापारिक संस्थान एवं दुकानों में काम करने वाले मजदूर को एक भी दिन की छुट्टी नसीब नहीं हो रही जिससे उनके घर के काम प्रभावित हो रहे हैं।

खबर संक्षेप



## स्थानांतरित हुए जिला अभियोजन अधिकारियों को दी गई विदाई

**सात अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण, उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हुई सराहना**

छतरपुर। बीती शाम शहर के एक निजी होटल में जिला अभियोजन संचालनालय द्वारा एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सात अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारियों (एडीपीओ) को उनके नए स्थानों पर स्थानांतरण के अवसर पर सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। समारोह में मुख्य रूप से विशेष न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह बघेल उपस्थित रहे। उनके साथ न्यायाधीश राजेश कुमार देवरिया, विक्रम भार्गव, आशीष श्रीवास्तव, हिमांश शर्मा, श्रीमती स्वाती-निवेश जायसवाल, अरविंद गुर्जर, और दीपांश गुप्ता की भी मौजूदगी रही, जिन्होंने स्थानांतरित हुए अधिकारियों के कार्यकाल को सराहते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि स्थानांतरित अधिकारियों में केके गौतम छतरपुर से दमोह, अमितमणि त्रिपाठी नौगांव से सतना, अजय बुंदेला बिजावर से इंदौर, श्रीराम यादव राजनगर से पन्ना, अनीश शर्मा नौगांव से भिंड, ज्योति शर्मा छतरपुर से ग्वालियर और दीपक कुर्मी छतरपुर से दमोह शामिल हैं। उक्त सभी अधिकारी पिछले लगभग एक दशक से जिले में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में लवकुशनगर पहली बार 1 स्टार में शामिल, जिले में मिला दूसरा स्थान

छतरपुर। मध्यप्रदेश का स्वच्छता सर्वे-2024 की अलग-अलग श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन रहा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की जारी रेटिंग में लवकुशनग ने पहली बार 1 स्टार हासिल करते हुए जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सांसद बीडी शर्मा, विधायक राजनगर अरविन्द पटैरिया एवं जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन पर नगर परिषद लवकुशनगर अध्यक्ष जीतेंद्र खटीक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी महादेव अवस्थी के अथक प्रयासो से विगत वर्ष की रेंक में सुधार करते हुये उपयंत्री अमितेष अवस्थी एवं स्वच्छता प्रभारी शीतेन्द्र शर्मा एवं नगर परिषद की टीम द्वारा जन समूह को साथ लेकर इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 12500 में 8831 अंक प्राप्त कर नेशनल रेंक पर 147 वॉ स्थान हासिल किया व 20 हजार से 50 हजार की कैटेगिरी में जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। लवकुशनगर 1 स्टार रेंक में शामिल होने पर नगर परिषद कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। नगर परिषद अध्यक्ष जीतेंद्र खटीक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी महादेव अवस्थी द्वारा बताया गया कि यह उपलब्धी नगर परिषद के उपयंत्री अमितेश अवस्थी, स्वच्छता प्रभारी शीतेन्द्र शर्मा, सफाई दरोगा रहीश खान, रमेश तिवारी,धीरेंद्र चौबे, सद्दाम खांन, कपिल दीक्षित, भूपेंद्र सिंह सहित निकाय के सफाई मित्रों एवं सम्पूर्ण टीम के द्वारा वर्ष भर किये गये अथक प्रयासो से प्राप्त हुई हैं।

**प्रदेश में चौथा और संभाग में मिला दूसरा स्थान**

# देश का 14वां सबसे स्वच्छ शहर बना खजुराहो

छतरपुर। पर्यटन नगरी खजुराहो ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 14वीं रैंक, मध्यप्रदेश के 20,000 से 50,000 आबादी की श्रेणी में चौथा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही खजुराहो नगर परिषद ने सागर संभाग में दूसरा और छतरपुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि खजुराहो सांसद बीडी शर्मा, विधायक राजनगर अरविंद पटैरिया और कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) बसंत चतुर्वेदी सहित नगर परिषद की पूरी टीम के अथक प्रयासों का परिणाम है।

उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक चले इस अभियान में मार्च में आई सर्वेक्षण टीम ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रह, कचरा रीसाइक्लिंग, कबाड़ से जुगाड़ के तहत बनाए गए आकर्षक आइटम, और सौंदर्यीकरण कार्यों की सराहना की। सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में रैंकिंग में सुधार के लिए, समस्त पार्षदों, होटल एसोसिएशन, पत्रकारों, रहवासी समूहों, व्यवसायियों, और अन्य संगठनों का सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का लक्ष्य खजुराहो को श्री स्टार श्रेणी में शामिल करना और डोर-टू-डोर कचरा संग्रह को बढ़ावा देकर कचरा मुक्त शहर बनाना है। नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और अगले सर्वेक्षण में और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प जताया।




### छतरपुर नगर पालिका को देश में मिली 18वीं रैंक

वहीं दूसरी ओर छतरपुर नगर पालिका ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन और अध्यक्ष ज्योति चौरसिया और सीएमओ माधुरी शर्मा के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर 18वीं रैंक, मध्य प्रदेश में 18वां स्थान, और 50 हजार से 3 लाख आबादी की श्रेणी में 12वां स्थान व सागर संभाग में इसी केटेगिरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया, सफाई निरीक्षक संजेश नायक, रविंद्र तिवारी, और पूरी स्वच्छता शाखा टीम ने अथक प्रयास किए। जनता के सकारात्मक फीडबैक और कचरा प्रसंस्करण पर विशेष ध्यान ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 12,500 अंकों की रैंकिंग में छतरपुर नगरपालिका को 10,276 अंक प्राप्त हुए जो सर्वाधिक छतरपुर नपा के हैं। सीएमओ माधुरी शर्मा ने इस उपलब्धि पर सभी नागरिकों, पार्षदों, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, समाजसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, और सफाई मित्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में 89वीं राष्ट्रीय रैंक की तुलना में इस वर्ष 18वां स्थान हासिल करना गर्व की बात है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष ने सीएमओ माधुरी शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व, समर्पण, और रणनीतिक दृष्टिकोण ने इस उपलब्धि संभव बनाया। सीएमओ माधुरी शर्मा ने इस सफलता को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया और कहा कि स्वच्छता के प्रति जनता की जागरूकता और कर्मचारियों की मेहनत ने छतरपुर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी है। उन्होंने भविष्य में भी स्वच्छता के मानकों को और ऊंचा करने का संकल्प जताया।




# छतरपुर जिले पर अब भी मेहरबान है मानसून, मायूस हुए किसान

## बिजावर में सबसे अधिक और लवकुशनगर में सबसे कम हुई बारिश

छतरपुर। पूरे प्रदेश की तरह छतरपुर जिले में भी मानसून लगातार सक्रिय है और जिले के तमाम नदी-तालाब उफान पर आ चुके हैं। छतरपुर जिले में गुरुवार को भी सुबह से बारिश का दौर जारी है, यहां सुबह से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भी जिले में गुरुवार को साढ़े 4 इंच तक बारिश होने की संभावना जताई है। लगातार बारिश होने से जिले के तालाब और नदियां लबालब भर चुके हैं और कई क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई इलाकों में किसानों को भारी नुकसान उठाना हुआ है, जबकि कई स्थानों पर किसान बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं ताकि वे बवाई कर सकें।

छतरपुर जिला मुख्यालय की बात करें तो यहां किशोर सागर, प्रताप सागर और संकट मोचन तालाब सहित सभी तालाब पानी से लबालब भर गए हैं। छतरपुर शहर के रहने वाले युवा रीतेश जैन बताते हैं कि लंबे समय बाद उन्होंने शहर के सभी तालाबों को पूरी तरह से भरा हुआ देखा है। वहीं अगर पूरे जिले पर नजर डाली जा तो यहां की प्रमुख नदियां धसान, केन और उर्मिल पूरे वेग के साथ उफान पर हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी नदियां और नाले भी उफान पर हैं, जिसके कारण कई मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण कई स्थानों पर किसान खेतों में बुवाई नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि खेतों में पानी भरा हुआ है। वहीं नदियों और तालाबों के किनारे की कृषि भूमि पर बुवाई कर चुके किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी किए छतरपुर जिले के आंकड़ों पर नजर डालें तो 1 जून से 17 जुलाई 2025 तक छतरपुर जिले में कुल 223.5 इंच बारिश दर्ज की गई है, जिनमें बिजावर में सबसे अधिक 41.4 इंच और लवकुशनगर में सबसे कम 15.4 इंच बारिश हुई है। इसके अलावा छतरपुर में 29.8 इंच, नौगांव में 31.3 इंच, राजनगर में 22.5 इंच, गौरिहार में 23.1 इंच, बड़ामलहरा में 37 इंच और बकस्वाहा में 23 इंच बारिश दर्ज की गई है। इस वर्ष छतरपुर जिले में अभी तक की औसत बारिश 27.9 इंच दर्ज की गई है।

# हरपालपुर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का किया जा रहा विरोध

## लोग बोले- कई गुना बढ़कर आ रहा बिजली बिल, कलेक्टर से हुई शिकायत

हरपालपुर। नगर के वार्ड नंबर 2, लहचूरा रोड पर विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है। वार्ड के दो दर्जन से अधिक लोगों ने मीटर लगाए जाने का विरोध किया, जिसके चलते कर्मचारियों को बिना मीटर लगाए लौटना पड़ा। लहचूरा रोड की रहने वाली 87 वर्षीय विद्या देवी ने कलेक्टर पार्थ जायसवाल से फोन पर शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरों से बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी हो रही है, जो आम जनता की जेब पर बोझ डाल रही है। इसी तरह स्थानीय युवा सुनील मिश्रा, सौमित्र तिवारी, अभिषेक, विकास रिछारिया, और महेंद्र दीक्षित ने बताया कि कपास मिल कॉलोनी में एक उपभोक्ता का स्मार्ट मीटर बिल 45,464 रुपये आया, जबकि टेस्ट मीटर से वही बिल 2,200 रुपये था। इस अनियमितता से नाराज लोगों ने स्मार्ट मीटर न लगाने की मांग की। इस मामले में कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र प्रजापति ने कहा कि स्मार्ट मीटर के साथ चेंज मीटर लगाए जाएंगे, जिससे खपत की सटीक



## मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन, स्वास्थ्य विभाग की समस्याओं के निराकरण की मांग

*छतरपुर। गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की 13 बिंदुओं की मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला सचिव विपिन दीक्षित ने बताया कि सीएमएचओ ने मांगों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है। सीएमएचओ गुप्ता ने छतरपुर जिले के स्वास्थ्य सेवाओं में प्रदेश के न्यूनतम 5 जिलों में होने पर चिंता जताई और कर्मचारियों से उत्कृष्ट सेवाएं देकर जिले को टॉप-10 में लाने की अपील की। जिलाध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा ने संघ का नारा देश के हित में करेंगे काम और काम के लेंगे पूरे दाम दोहराते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जिले को टॉप-5 में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान देवेंद्र हिंगवासिया, अशोक पटेरिया, स्वतंत्र त्रिपाठी, विवेक पौराणिक, गायित्री श्रीवास, कुसुम मिश्रा, संगीता वाल्मीक, दिलीप शुक्ला, राममिलन शुक्ला, के.एस. पाठक, विनय कुमार जैन, राजेश खरे, राजेंद्र चौरसिया, प्रतीक अग्रवाल, अंकित खरे, सजग गुप्ता, सुनील शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।*



# दिव्यांगजनों ने जेपी सिनेमा में देखी सितारे ज़मीन पर फिल्म

**अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर दिव्यांगजनों का बढ़ाया गया हौसला**

छतरपुर। गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर सामाजिक समरसता और दिव्यांगजनों के प्रोत्साहन के लिए जेपी सिनेमा में सितारे ज़मीन पर फिल्म के विशेष शो प्रदर्शन किया गया। यह आयोजन दिव्यांगजनों और उनके परिवारों के मनोरंजन, ज्ञानवर्धन और प्रोत्साहन के लिए था। सीआरसी छतरपुर के निदेशक डॉ. राजमणि पाल के निर्देशन और जेपी सिनेमा के डायरेक्टर विनय चौरसिया के सहयोग से यह कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विष्णु प्रसाद सोलंकी, सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायाधीश, छतरपुर ने जेपी सिनेमा हॉल पहुंचकर दिव्यांग बच्चों का हौसला बढ़ाया और अभिभावकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी शंकर लाल सोनी का विशेष सहयोग रहा। डॉ. राजमणि पाल ने जिला न्यायाधीश, जेपी सिनेमा के डायरेक्टर, स्टाफ, पेप्टेक परिवार और समाजसेवियों का अभिनंदन किया। इस दौरान लगभग एक सैकड़ा से अधिक दिव्यांगजनों और उनके अभिभावकों ने फिल्म देखकर इसकी प्रशंसा की।



# दो दशक बाद पकड़ा गया 20 हजार का इनामी आरोपी

**लवकुशनगर पुलिस ने की कार्रवाई, देरी पर उठे सवाल**

लवकुशनगर। थाना पुलिस ने गुरुवार को पिछले दो दशक से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस सफलता के बावजूद, पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इतने गंभीर अपराधी को पकडऩे में दो दशक क्यों लग गए?

प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपी नीलू उर्फ नी ल कं ठ उर्फ महेंद्र पाठ्य प्रसाद गुप्ता पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 20,000 रुपये का इनाम घोषित था। वह अपराध क्रमांक 256/06 (धारा 489 ख, 489 घ, 34 आईपीसी) और अपराध क्रमांक 325/04 (धारा 336, 182, 211ए आईपीसी, 25/27 आम्र्स एक्ट) में फरार था। सूत्रों के अनुसार, आरोपी रायपुर, छत्तीसगढ़ में रह रहा था, जहां उसने बिजनेस नेटवर्क स्थापित कर लिया था और लवकुशनगर के व्यापारियों व अन्य लोगों के संपर्क में था। इतना ही नहीं, अपने पिता की मृत्यु के दौरान वह लगभग एक माह तक लवकुशनगर में मौजूद था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर लवकुशनगर थाना प्रभारी अजय अंबे, उप निरीक्षक ज्ञान सिंह, सहायक उपनिरीक्षक दीवान सिंह, जेपी बागरी, प्रधान आरक्षक अनीश अहमद, बुद्ध सिंह, ओमपाल सिंह, और सुरेंद्र यादव की टीम ने यह गिरफ्तारी की। हालांकि, सवाल उठता है कि इतने गंभीर मामलों में फरार और इनामी आरोपी को पकडऩे में पुलिस को 20 साल क्यों लगे? क्या पहले गंभीरता की कमी थी, संसाधनों का अभाव था, या वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश नहीं थे? यदि आरोपी रायपुर में सक्रिय था, तो पुलिस ने समय रहते उसके ठिकानों तक क्यों नहीं पहुंचा?



## राम राज राजेश्वर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की चौथी वर्षगांठ आज

छतरपुर।

*सीताराम कालोनी स्थित माँ काली माता मंदिर प्रांगण में विराजे राम राज राजेश्वर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की चौथी वर्षगांठ आज दिनांक 18 जुलाई को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनायी जायेगी। इस अवसर पर हवन पूजन के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। ज्ञात हो कि पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष रामबाबू सिंह परिहार द्वारा राम राज राजेश्वर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी। तब से हर वर्ष 18 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। श्री परिहार ने शहर की धर्मप्रेमी जनता से भंडारे में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की*

# साकेतवासी हुए मोटे के महावीर मंदिर के संत कमलेश बब्बा जू महाराज



## मंदिर में समाधि की थी अंतिम इच्छा, कुछ लोगों ने जताया विरोध

## संत समाज, विधायक, प्रशासन और गणमान्य लोगों की सहमति से बनी समाधि

छतरपुर। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल मोटे के महावीर मंदिर के संत कमलेश बब्बा जू महाराज का गुरुवार की सुबह देवलोकगमन हो गया। उनके निधन के बाद उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार मंदिर परिसर में समाधि निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया। संत समाज और समाजसेवियों ने समाधि के लिए सहमति दी, जबकि कुछ अन्य लोगों ने पर्दे के पीछे रहकर समाधि बनाए जाने का विरोध जताया। हालांकि बाद में संत समाज, विधायक, प्रशासन और गणमान्य लोगों की सहमति से कमलेश बब्बा जू की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए मंदिर परिसर में ही उनकी समाधि बनाई गई।

उल्लेखनीय है कि कमलेश बब्बा जू महाराज, संत शरीर महाराज के चरणसेवक थे। देह त्यागने से पहले उन्होंने अपनी अंतिम इच्छा में मंदिर परिसर में बनी उनके गुरू की समाधि के सामने ही अपनी समाधि बनाए जाने की बात कही थी। मंगलवार को देहावसान होने के उपरांत जब समाधि बनाए जाने की बात उठी तो कुछ लोगों ने पर्दे के पीछे रहकर न केवल समाधि बनाए जाने का विरोध जताया, बल्कि एक आवेदन पत्र भी कलेक्टर को सौंपा, जिसमें मोटे के महावीर मंदिर परिसर में समाधि बनाए जान से रोके लगाए जाने की मांग की गई। आवेदन में दावा किया गया कि स्वर्गीय कमलेश गुप्ता की मृत देह को मंदिर परिसर में दफनाना हिंदू धर्म के विरुद्ध है और इससे मंदिर कब्रिस्तान बन जाएगा, यदि मंदिर में समाधी बनी तो आंदोलन किया जाएगा। हालांकि जब इस मामले ने तूल पकड़ा और शहर के लोगों को इस बात की खबर लगी तो बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में एकत्रित हो गए। छतरपुर विधायक ललिता यादव, एसडीएम अखिल राठौर, सीएसपी अरुण सोनी और कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी सहित सैकड़ों समाजसेवी, मंदिर और कमलेश बब्बा जू में आस्था रखने वाले लोग, जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रंगारी महाराज सहित शहर के सभी प्रमुख संत, हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने मंदिर में बैठक की, जिसमें संत शरीर महाराज की समाधि के सामने कमलेश बब्बा जू की समाधि बनाने का निर्णय लिया गया।



### संत समाज, विधायक और हिन्दू संगठनों की प्रतिक्रिया -

समाधी बनाए जाने की बात पर उपजे विवाद को लेकर जानराय टौरिया छतरपुर के महंत भगवानदास श्रंगारी महाराज (निर्मोही अखाड़ा) ने कहा कि संत कमलेश बब्बा जू ने कई दशकों से मंदिर की सेवा की और बिना लालच के मंदिर का विस्तार कराया। मंदिर परिसर में सभी देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करना शास्त्रसम्मत होगा।

वहीं संत अखिलेशानंद महाराज (कन्नौज पीठाधीश्वर) ने कहा कि समाधि यहीं बनेगी और असामाजिक तत्वों के विरोध से हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। शिवसेना प्रमुख मुन्ना तिवारी ने कहा कि संत शरीर महाराज की समाधि की तरह ही उनके शिष्य कमलेश बब्बा जू की समाधि भी यहीं बनेगी, कुछ तथाकथित लोग इसका विरोध कर रहे हैं ज्यादातर लोग समाधी बनाए जाने के पक्ष में हैं। अधिवक्ता राकेश दीक्षित ने संत समाज के निर्णय का समर्थन किया। छतरपुर विधायक ललिता यादव ने कमलेश बब्बाजू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संत-समाज जो भी निर्णय लेगा, हम उसे मान्य करेंगे।

### संतों के निर्णय से सहमत नहीं है मंदिर समिति

संत समाज की सहमति के बाद भले ही कमलेश बब्बा जू महाराज की देह को मंदिर में समाधिस्थ कर दिया गया हो लेकिन मंदिर समिति अब भी संतों के निर्णय से सहमत नहीं है। मोटे के महावीर मंदिर समिति ने इसका विरोध करते हुए कल यानि की शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया है। मंदिर समिति का कहना है कि यदि संत कमलेश बब्बा जू निर्मोही अखाड़ा के सदस्य थे, तो उनकी जल समाधि या अग्निदाह होना चाहिए। मंदिर परिसर में शव को दफनाया जाना गलत है। मंदिर में मौजूद संत शरीर महाराज की समाधि पर समिति ने कहा कमलेश बब्बा जू उनके चरणसेवक हैं और दोनों की तुलना नहीं की जा सकती। समिति ने कमलेश बब्बा जू और उनके परिवार पर मंदिर की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि पहले भी समिति के साथ कमलेश बब्बा जू का विवाद रहा है। कुछ वर्ष पहले कमलेश बब्बा जू ने अपनी माता की समाधि बनाने का प्रयास किया था, लेकिन समिति के विरोध के बाद शव को भैंसासुर मुक्तिधाम में प्रशासन की मौजूदगी में अंतिम संस्कार के लिए निकाला गया था। समिति ने बताया कि जिस जमीन पर समाधि बनी है, वह वरिष्ठ समाजसेवी और भाजपा नेता नारायण काले द्वारा मंदिर को स्वेच्छा से दान की गई थी।

# भारतीय जैन संगठन की राष्ट्रीय संवाद यात्रा, समाज तक पहुंचने का आह्वान

## डेरा पहाड़ी में कार्यशाला, वृक्षारोपण के साथ सामाजिक कार्यों पर जोर

छतरपुर। गुरुवार को भारतीय जैन संगठन (बीजेएस) ने राष्ट्रीय संवाद यात्रा के तहत डेरा पहाड़ी के वर्णी सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया। संगठन ने कार्यकर्ताओं से समाज तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान की अपील की।

आर्यिका ऋजुमति माताजी के सानिध्य में तहसीलदार आलोक जैन के मुख्य अतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बीजेएस राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सांखला, राष्ट्रीय महासचिव पंकज चौपड़ा, राष्ट्रीय सचिव दीपक चौपड़ा, और प्रांतीय महासचिव डॉ. विमल जैन उपस्थित रहे। डॉ. सांखला ने कहा कि समाज तक स्वयं पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना बीजेएस का उद्देश्य है। डॉ. विमल जैन ने बताया कि संगठन 40 वर्षों से सामाजिक, शैक्षणिक, और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत है, साथ ही बच्चों में मोबाइल के दुरुपयोग पर चिंता जताई। बीजेएस के प्रमुख कार्यों में 10वीं-12वीं के लिए कैरियर गाइडेंस, 13-20 वर्ष की लड़कियों के लिए स्मार्ट गर्ल प्रोग्राम, युवा सशक्तिकरण, 'दिल का जिगसा और परिणय पथ के तहत विवाह संबंध, व्यापारियों के लिए बिजनेस डेवलपमेंट, और तालाबों का पुनर्जनन शामिल हैं।कार्यक्रम का शुभारंभ आर्यिका माता को श्रीफल अर्पण और आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। जैन समाज अध्यक्ष अरुण कुमार जैन ने स्वागत और सि. स्वदेश जैन ने आभार व्यक्त किया। जैन समाज उपाध्यक्ष अजय फट्टा, प्रमोद सेठ, इंजी. आर.के. जैन, महामंत्री अजित जैन, पंकज जैन महर्षि, रीतेश जैन, प्रकाश जैन, राजकुमार जैन, संजय देवडिय़ा, विजय बजाना, एड. संजय जैन, सुधीर जैन, अमित जैन रक्तवीर, अभिषेक जैन, उज्जवल जैन, बबिता जैन, सविता सेठ, करुणा देवडिय़ा, अदिति जैन, शोभा जैन, और महिला मंडल उपस्थित रहे। 'एक पेड़ जीव दया के लिए अभियान के तहत डेरा पहाड़ी पर आर्यिका श्री पदमश्री माताजी समाधि स्थल पर नंदकिशोर सांखला, पंकज चौपड़ा, और अन्य की उपस्थिति में 11 छायादार और फूलदार पौधे लगाए गए। इंजी. आर.के. जैन और रीतेश जैन ने बताया कि परिसर में और वृक्ष लगाए जाएंगे।



## रीवा को कृषि अवसंरचना मद में सर्वाधिक लाभ लेने वाला संभाग बनाएं : कमिश्नर

**रीवा।** मंडी बोर्ड तथा कृषि विभाग द्वारा माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सभागार में कृषि अवसंरचना मद की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए रीवा संभाग के कमिश्नर बस जामोद ने कहा कि बाणसागर बांध का निर्माण पूरा होने के बाद पूरे विंध्य क्षेत्र में कृषि का तेजी से विकास हुआ है। इसके साथ ही कृषि पर आधारित उद्योगों का भी तेजी से विकास हो रहा है। कृषि अवसंरचना मद इसमें किसानों और उद्यमियों को पूरा सहयोग देता है। रीवा संभाग में इस योजना से गत वर्ष 58 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 155 करोड़ रुपए का लक्ष्य प्राप्त किया गया। इस वर्ष शासन ने रीवा संभाग को 218 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया है। सबके सहयोग से इस लक्ष्य को भी हम प्राप्त करेंगे। इस पर आधारित उद्यम स्थापित करने वाले तथा एफपीओ कृषि अवसंरचना मद में रीवा संभाग को प्रदेश में सर्वाधिक लाभ लेने वाला संभाग बनाएं। सबके प्रयासों से हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। कमिश्नर ने कहा कि बैंकर्स कृषि अवसंरचना मद के प्रोजेक्ट में सकारात्मक दृष्टिकोण से ऋण और अनुदान मंजूर करें। जिन हितग्राहियों को इस मद की जानकारी नहीं है उन्हें भी इसमें पंजीयन कराकर कृषि अवसंरचना मद का लाभ दें। आज की कार्यशाला में संभाग के सभी जिलों के जो प्रतिनिधि शामिल हुए हैं वह सब इस योजना के अग्रदूत के रूप में अपने जिले में काम करें। इस योजना का स्वयं लाभ लेने के साथ-साथ दूसरों को भी कृषि अवसंरचना मद का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए उप संचालक मंडी बोर्ड पूजा सिंह ने कहा कि कृषि अवसंरचना मद में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। गत वर्ष प्रदेश को 7440 करोड़ रुपय का लक्ष्य देश को मिला था। हमें इससे अधिक उपलब्धि हासिल हुई। इस वर्ष 11940 करोड़ रूपए का लक्ष्य मिला है। इसी योजना के तहत 2 करोड़ रुपए तक की लागत के उद्योग लगाने पर ब्याज में तीन प्रतिशत अनुदान का लाभ दिया जाता है। इसमें किसी तरह की क्रेडिट गारंटी की आवश्यकता नहीं है। इस योजना का लाभ लेकर राइस मिल, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज मसाला उद्योग, मशरूम की खेती, एयरोपिक फार्मिंग, तिलहन प्रक्रिया यूनिट, कस्टम हायरिंग सेंटर, कंबाइंड हार्वेस्टर, सोलर पंप सेट सहित कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्यम स्थापित किया जा सकते हैं। पोर्टल पर सामान्य सी जानकारी और पंजीयन के बाद इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषि अवसंरचना मद योजना को बैंकों के सहयोग से लागू किया जा रहा है। इस योजना से फाइनेंस होने पर बैंक 9 प्रतिशत से अधिक ब्याज नहीं ले सकते हैं। कृषि अवसंरचना मद में ब्याज अनुदान का लाभ 7 वर्षों तक दिया जाता है।

**शौच के लिए निकला था बाहर, पैर फिसलने से गिरा नाले में, तेज बहाव में लापता, अमहिया थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 25 की घटना**

# मूसलाधार बारिश, खुले नाले में बहा डेढ़ साल का मासूम



**रीवा।**

जिले में एक बार फिर आफत की बारिश ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है. पिछले 17 घंटे से लगातार हो रही बारिश की वजह से लोगों का हाल बेहाल है. निचली बस्ती और कई कालोनियां तालाब मे तब्दील हो चुकी हैं, इसी तालाब में एक मासूम की जान ले ली। बता दे अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 के विवेकानंद कॉलोनी में नानी के घर घूमने आए रुद्रांश गुप्ता उम्र डेढ़ साल पिता दीपचंद गुप्ता निवासी ग्राम गोरगी महसव नाले में डूबने के कारण मौत हो गई। बता दे आज गुरुवार की दोपहर घर के बाहर शौचालय करने निकला था। बताया जा रहा है कि शौचालय करने के लिए वह नाले के पास गया और अचानक उसका पैर फिसल गया। देखते ही देखते वह नाले के तेज बहाव में बह गया। जब तक परिवार को कुछ समझ आता, बच्चा लापता हो चुका था। बच्चे के नाले में बहने की खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। तुरंत अमहिया पुलिस को सूचना दी गई, और पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया है। लेकिन इस घटना ने स्थानीय लोगों को आक्रोशित कर दिया है। लोगों ने खुले तौर पर नगर निगम प्रशासन की लापरवाही को इसका जिम्मेदार ठहराया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जिस नाले में बच्चा बहा, वहाँ कई जगह अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा, नगर निगम ने नाले पर न तो कोई सुरक्षा व्यवस्था की है और न ही किसी तरह के सुरक्षा घेरे का इंतजाम किया था। बारिश के मौसम में ऐसे खुले नाले मौत का कुआँ बन जाते हैं, और आज उसी लापरवाही का शिकार एक मासूम बच्चा हो गया। स्थानीय लोगों का आरोप है की सूचना देने की बाद भी एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी अगर समय रहते एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच जाती तो नाले में बहे बच्चे का कुछ ना कुछ पता जरूर चल पाता मगर वह नाला रीवा के बिछिया बीहर नदी में मिला हुआ है लोगों का कहना है कि बच्चा हो सकता है इस नाले के माध्यम आगे तक बह गया हो जिसका अब तक कुछ पता नहीं चला है। बता दे मृतक मां ने विगत दिवस संजय गांधी अस्पताल में ऑपरेशन से एक बच्ची को जन्म दिया है। जो अभी भी अस्पताल में भर्ती है पूरा परिवार अस्पताल में था, घटना की जानकारी लगते ही पूरे परिवार का रो रो के बुरा हाल है। वहीं देर से पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने अंधेरा होने की वजह से सचिन अभियान को रोक दिया है, सुबह होते ही शव की तलाश की जाएगी।

## बाइक सवारों को सूबेदार अखिलेश ने वितिरित किए निःशुल्क हेलमेट



**रीवा।** जिले मे यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से लोगों को बचाने लगातार जागरुक किया जा रहा है। बता दे रीवा जोन के आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह एवं एसपी विवेक सिंह के निर्देशानुसार लगातार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। जादातर एक्सीडेंट हेलमेट न होने की वजह से लोग अपने जान गवा देते हैं। इसी तारतम्य में यातायात के सूबेदार अखिलेश कुशवाहा द्वारा अपने पिताजी की पुण्यतिथि के दिन हाईवे में जाकर जरूरतमंद लोगों को हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही उन्हें जागरूक किया गया कि हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएं। उन्होने बताया कि यदि मोटरसाइकिल चलाते समय एक्सीडेंट मे सर में चोट लगती है तो हेलमेट होने की वजह से सर सुरक्षित रहता है और चालक की जान बच जाती है और किसी के घर का चिराग बुझने से बच जाता है। मोटरसाइकिल चलाते वक्त यदि वाहन चालक किसी डिवाइडर या वाहन से टकरा जाता है, तो वह जमीन पर गिरता है अथवा उक्त वाहन से ही उसका सर टकराता है परंतु हेलमेट होने की वजह से सर सुरक्षित रहता है और चालक की जान बच जाती है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस लगातार बाइक सवारों को हेलमेट लगाने जागरुकत करती है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में असमय किसी के घर का चिराग नहीं बुझे।बॉल्स हर साल करते है हेलमेट का वितरण सूबेदार अखिलेश ने बताया कि 16 जुलाई जुलाई 2010 को मेरे पिता का एक्सीडेंट हुआ था। वे हमेशा हेलमेट पहनते थे, लेकिन उस दिन वे बिना हेलमेट के घर से निकल गए और एक दुर्घटना में हमें हमेशा के लिए छोड़कर चले गए। मैंने जिस दर्द को महसूस किया है, में नहीं चाहता कि कोई दूसरा उसे सहे। इसीलिए में हर साल हेलमेट का वितरण करता हूं।

**श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है - जगतगुरू रामभद्राचार्य  आध्यात्म, धर्म और संस्कृति के साथ विकास वरदान बनता है**

## डिप्टी सीएम अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में रामायण शोधपीठ की स्थापना का हुआ उद्घाटन

**रीवा।**



अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में रामायण शोधपीठ की स्थापना की जाएगी। जगतगुरू रामभद्राचार्य के साथ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं संस्कृति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शिलापट्टिका का अनावरण किया। विश्वविद्यालय के शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए जगतगुरू ने कहा कि राम चारित्र वत्सल हैं। उनका आदर्श अनुकरणीय है। जितना विपुल साहित्य भगवान राम का है उतना और किसी का नहीं है। रामायण शोध पीठ की स्थापना रीवा विश्वविद्यालय के लिए शुभ हो और यह रामायण के शोधार्थियों के लिए वरदान बने। इसकी स्थापना रीवा के पूर्व महाराज रामायण अनुरागी रघुराज सिंह को श्रद्धांजलि भी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आचार्यों को ऐसी मर्यादा प्रस्तुत करनी चाहिए जिससे शिष्य उनका अनुकरण करें। जगतगुरू ने रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि तुलसी जयंती के अवसर पर तुलसी शोध पीठ में रामायण शोध चित्रकूट पीठ की स्थापना की जाएगी।कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत आध्यात्म धर्म और संस्कृति है। इनके साथ से ही विकास वरदान बन जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस विन्ध्य भूमि में भगवान राम ने वनवास के 14 वर्ष बिताये वहाँ रामायण पीठ की स्थापना आवश्यक है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने अनुकरणीय कार्य किया है। आज का दिन अविस्मरणीय रहेगा जब जगतगुरू के कर-कमलों से पीठ की स्थापना का उद्घाटन हुआ। रामायण पीठ के माध्यम से रामायण के गुणों को अंगीकार करने और शोधार्थियों को नवीनतम शोध में मदद मिलेगी। उन्होंने रामायण पीठ के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा आश्वस्त किया कि अन्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जाएगी। कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि रामायण के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रगटीकरण होता है। चरित्रवान व मर्यादाशील होने का भगवान राम से सीख मिलती है। रामायण की शिक्षाएं आज के परिवेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हम सबको इन उपदेशों को अंगीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामायण से जीवन की दशा को सुधार कर चरित्रवान बनते हुए देशहित के लिए सीख मिलती है। सभी सुखी हों और सबका कल्याण हो यह रामराज्य की परिकल्पना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने रामायण पीठ की स्थापना के लिए साधुवाद देते हुए सांसद निधि से 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। कुलगुरू दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट शिशिर पाण्डेय ने कहा कि रामायण में लोकमंगल की भावना निहित है। समाज और राष्ट्र के उत्थान में जगतगुरू का महान योगदान है। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि देश के चौथे रामायण शोध पीठ की स्थापना अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में की जा रही है। नोडल अधिकारी नलिन दुबे ने शोध पीठ की स्थापना एवं उसके महत्व के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम को तुलसी पीठ के रामचन्द्र दास ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन कुलगुरू अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रोफेसर राजेन्द्र प्रसाद कुड़रिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ अतुल तिवारी ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित आचार्यगण, गणमान्यजन, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरकारी स्कूल में सेंधमारी, कंप्यूटर और साउंड सिस्टम चोरी, बिछिया थाना क्षेत्र के गर्वमेंट स्कूल की घटना

**रीवा।**

शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 एक बार फिर असुरक्षा का शिकार बना है। बीती रात अज्ञात चोरों ने स्कूल के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर भीतर घुसते हुए दो कंप्यूटर सेट और एक साउंड सिस्टम पर हाथ साफ कर दिया। वारदात की भनक सुबह उस वक्त लगी जब स्कूल में ड्यूटी पर तैनात चौकीदार ने टूटे ताले और बिखरे सामान को देखा और तत्काल स्कूल प्रबंधन को सूचना दी।

स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि चोरी की जानकारी मिलते ही पुलिस और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। सूचना के बाद बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोरों ने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए मुख्य गेट को तोड़ने के बाद स्टाफ रूम और अन्य कक्षों की तलाशी ली। इसी दौरान वे कंप्यूटर सिस्टम और संगीत से जुड़ी सामग्री चुराकर फरार हो गए। पुलिस को संदेह है कि यह वारदात योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दी गई है और संभवतः चोरों को स्कूल की आंतरिक व्यवस्था की जानकारी पहले से थी। वपुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी हुई है, जिससे जल्द ही आरोपियों की पहचान हो सके।

## पास्को एवं बलात्कार के आरोप में पत्रकारगण हुए दोषमुक्त, न्यायालय ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

**रीवा**



जिले की न्यायपालिका ने एक ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है बता दे , 12 जुलाई सोमवार को रीवा जिला न्यायालय ने तीन पत्रकारों अमर मिश्रा (संपादक, हरित प्रवाह), प्रद्युम्न शुक्ला और उमेश सिंह को वर्ष 2022 में दर्ज किए गए फर्जी गैंगरेप और पॉक्सो एक्ट के गंभीर आरोपों से पूर्णतः दोषमुक्त करार दिया है। बता दे यह प्रकरण 21 मार्च 2022 को सामने आया था, जब सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई एक मारपीट की खबर को पत्रकारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। इस खबर से कथित रूप से नाराज एक महिला ने 23 मई 2022 को सिविल लाइन थाने में पत्रकारों के खिलाफ फर्जी गैंगरेप और पॉक्सो अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करवाई। एफआईआर में 7 फरवरी 2022 की एक मनगढ़ंत घटना को आधार बनाया गया था। दर्ज की गई एफआईआर का क्रमांक 258/22 था, जिसमें आईपीसी की धारा 376(2)(n), 450 और 506, और पॉक्सो एक्ट को शामिल किया गया। आरोप इतने गंभीर थे कि इन पत्रकारों का सामाजिक और पेशेवर जीवन संकट में आ गया। लेकिन तीनों ने हार नहीं मानी और न्यायपालिका पर विश्वास बनाए रखा। पत्रकारों के ओर से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेंद्र नाथ चतुर्वेदी, आनंद सिंह, अर्पित पांडेय ने साक्ष्यों और पुलिस की जांच में मौजूद खामियों को अदालत के सामने प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान सामने आया कि न तो कोई ठोस सबूत थे, न ही प्राथमिकी में दर्ज घटनाक्रम की पुष्टि होती थी। 12 जुलाई को न्यायालय ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर तीनों पत्रकारों को दोषमुक्त करार दिया। बॉक्स पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठा सवालइस प्रकरण ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन और सिविल लाइन थाना प्रभारी रहे हितेंद्र नाथ शर्मा की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि व्यक्तिगत रंजिश के चलते पत्रकारों को झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की गई थी।

## जिले में भारी बारिश से कई स्थानों पर हुआ जल भराव, जल भराव की समस्या को किया गया दूर



**रीवा।**

जिले में लगातार बारिश होने से कई क्षेत्रों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई। रीवा नगर निगम में घरों तथा निचली बस्तियों से जल भराव से निपटने के लिए नगर निगम की टीम लगातार प्रयास करती रही। कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में पानी निकासी की व्यवस्था में अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैद रहे। रीवा स्थित किला रोड में क्षतिग्रस्त मकान से लोगों को बाहर निकाला गया। ग्राम पंचायत मझिगवां एवं सेमरिया में जल निकासी की व्यवस्था कराई गई। इसी प्रकार नगर परिषद सिरमौर में वार्ड क्रमांक 11 में पानी भर गया था जिसे नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तत्परतापूर्वक बाहर निकलवाया। कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदार को क्षतिग्रस्त मकान का सर्वे कर राहत राशि का प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। नगर निगम एवं जिला पंचायत में स्थापित कंट्रोल रूम में जल भराव की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं होमगार्ड के जवानों ने राहत और बचाव का कार्य किया।


## प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में राहत राशि का शीघ्र भुगतान करें - कलेक्टर



**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों के साथ ही समय सीमा के पत्रों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग ए ग्रेड में होना सुनिश्चित करें। शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर बंद करायें। 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें। सीएम डैशबोर्ड की शिकायतों को निराकरण करायें ताकि रैंकिंग में सुधार हो। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कर विभागीय रैंकिंग में सुधार के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक में कलेक्टर ने ईकेवायसी के लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी ई आफिस के माध्यम से ही फाइलें कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में राहत राशि का पीड़ितों को शीघ्र भुगतान करें। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अन्तर्गत वृक्षारोपण की प्रतिदिवस की जानकारी विभागीय अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि श्रवण मास में देवतालाब में मेला संचालित हो रहा है वहां सभी व्यवस्थायें पुख्ता रहे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रहे। बैठक में कलेक्टर ने कृषि आदान, वर्षा जनित रोगों से बचाव और उपचार की व्यवस्था, पीएम किसान विधि तथा जलप्रपातों में सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन स्थानों में वर्षा का जल भराव हुआ है वहां क्लोरीन पावडर का छिड़काव करायें। बैठक में एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ नगर परिषद एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में लगातार हुई बारिश ने एक बार फिर मचाई तबाही



**रीवा।** जिले में एक बार फिर आफत की बारिश ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है. पिछले 17 घंटे से लगातार हो रही बारिश की वजह से लोगों का हाल बेहाल है. निचली बस्ती और कई कालोनियां तालाब मे तब्दील हो चुकी हैं, शहरी इलाकों में तक जल भराव से एसडीआरएफ ने बोटों सड़कों पर उतार दी हैं। बता दे शहर की ही निराला नगर बस्ती के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल छात्रवास में पानी भर गया. इससे वहां रहने वाले 50 छात्र फंस गए, जिन्हें एसडीआरएफ की टीम ने रेसक्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला है. लगातार बढ़ रहे नदी नालों के जल स्तर को देखते हुए प्रशासन के साथ ही बचाव दल की टीमें भी अलर्ट पर हैं। दरअसल, रीवा में बीते बुधवार से लगातार बारिश हो रही है,तकरीबन 17 घंटे से अधिक हो गए लेकिन आसमानी आफत रुकने का नाम नहीं ले रही है. लगातर हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए हैं और नदियों का जल स्तर भी तेजी बढ़ना शुरू हो गया,वहीं, जानकारी के मुताबिक बाणसागर बांध के 16 गेटों में से 8 गेट खोल दिए गए हैं. इसकी वजह से टमस और अन्य सहायक नदियों का जल स्तर भी बढ़ रहा है।शहर के वार्ड क्रमांक-2,4,13,15, 39 और 40 में जल भराव की स्थिति निर्मित हुई है. नगर निगम और एसडीआरएफ की टीम लगातार तैनात है। उनके द्वारा बचाव और राहत कार्य मुस्तैदी के साथ किया गया है।

## जन सुरक्षा अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता का हुआ आयोजन

**मऊगंज**



जिले की ग्राम पंचायत मनकहरी के अंतर्गत सामुदायिक भवन हार्दिहा में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत की रोजगार सहायक प्रियंका मिश्रा द्वारा किया गया जिसकी मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल रही वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच कुसुम कली साकेत ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र प्राथमिक विद्यालय की शिक्षक श्रीकांत साकेत जानकी देवी गौतम एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक संतोष साकेत उपस्थित रहे सर्वप्रथम कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मिश्र ने कार्यक्रम में उपस्थित एलडीएम मैडम एवं ग्राम पंचायत की उपस्थिति जनता का अभिवादन किया तत्पश्चात बैंक में खाता होना क्यों आवश्यक है खाता में नॉमिनी और डीबीटी करना क्यों आवश्यक है खाता में नॉमिनी की क्या आवश्यकता है एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति मां अटल पेंशन योजना एजुकेशन लोन यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के साथ-साथ किसान क्रेडिट कार्ड फसल बीमा योजना शहीद कई अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा अंत में साइबर फ्रॉड के बचाव हेतु विस्तार से उदाहरण देकर समझाया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एलडीएम ने कहा की मिश्रा जी द्वारा जो भी जानकारी दी गई है उसको समझ कर अधिक से अधिक बैंक के माध्यम से लाभ ले एवं 1 जनवरी 2025 से 30 सितंबर 2025 तक जन सुरक्षा अभियान सरकार द्वारा चलाए जा रहा है इसमें अधिक से अधिक लोग खाते में नॉमिनी जरूर डलवा दे खाते में मोबाइल नंबर दर्ज करा लें जो खाता 10 वर्ष के पुराने हैं उनमें री केवाईसी करवाना अनिवार्य है यह सुविधा अधिकृत कियोस्क सेंटरों को भी की गई है वहां अपना खाता नंबर पैन कार्ड आधार कार्ड साथ में लेजाकर फिंगर के माध्यम से करवा लें कुछ खाते ऐसे भी हैं की 10 साल तक लेने-देन न होने पर वह पैसा आरबीआई को चला जाता था यदि ऐसी कोई खातेधारक हैं तो बैंक में जाकर आवेदन एवं केवाईसी कराकर खाता चालू करा लें और आपका पैसा फिर से खाते में वापस आ जाएगा सरकार द्वारा कई तरह की योजनाएं संचालित हैं परंतु जितने ही जागरूक आप होंगे उतना ही लाभ ले पाएंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही शायद के सरपंच ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत अंतर्गत जो यह कार्यक्रम हुआ है इससे हमारे गांव को जनता का अधिक से अधिक लाभ होगा योजना की जानकारी के अभाव में लोग जितना लाभ लेना चाहिए वह नहीं ले पाते थे इसलिए हम अपने ग्राम पंचायत की ओर से जिला प्रशासन मऊगंज का हार्दिक अभिनंदन करती हूं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रियंका मिश्रा सेल्समेन श्यामसुंदर मिश्रा मोहित मिश्रा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता मिश्रा पुष्पा कुशवाहा सहायिका शशि कला साकेत आशा कार्यकर्ता मीणा साकेत सुनीता साकेत रामेश्वर साकेत प्रीति साकेत सहित सैकड़ो महिला एवं पुरुष हितग्राही उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन कर रहे सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार साकेत द्वारा आए हुए अधिकारियों एवं गांव की जनता का आभार प्रकट किया गया।